# चूरू नगर परिषद आयुक्त व उपखण्ड अधिकारी के विरूद्ध कलेक्टर को दिया ज्ञापन

चूरू, (कासं.)। जिला मुख्यालय पर सोमवार को सर्व समाज चूरू आमजन द्वारा उपखंड अधिकारी चूरू एवं आयुक्त नगर परिषद चूरू द्वारा निर्मित भय और भ्रष्टाचार के माहौल के विरुद्ध जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार 2 मई को गफ्फार अली भू स्वामी ने अपने खेत में झींगा फार्म एवं अन्य कृषि गतिविधियों के संचालन हेतु समतलीकरण कार्य करवाया जिसे अनावश्यक रूप से कॉलोनी घोषित कर वहां सीमा पर लगी पत्थर पट्टियां उखाड़ लीं और कुछ पट्टियां तोड़ दी।

इसी दिनांक को कार्यवाही से पहले अन्यायपूर्ण कार्यवाही की आशंका से गफ्फार अली व अन्य लोगों द्वारा जिला कलक्टर को ज्ञापन के माध्यम संभावित कार्यवाही रुकवा कर जांच हेतु निवेदन किया गया परंतु अप खंड अधिकारी ने आयुक्त नगर परिषद को कार्यवाही हेतु लिखित आदेश कर दिए। लोगों ने प्रशासन के क्षेत्राधिकार से बाहर अन्यपूर्ण कार्यवाही की जिस का विरोध किया गया।



उपखंड अधिकारी चूरू एवं आयुक्त नगर परिषद चूरू द्वारा निर्मित भय और भ्रष्टाचार के माहौल के विरुद्ध जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया।

- भू-स्वामी के खेत को अनावश्यक रूप से कॉलोनी घोषित कर वहां सीमा पर लगी पत्थर पट्टियां उखाड़ लीं और कुछ पट्टियां तोड़ दी

इस प्रदर्शन में निजामुद्दीन खान, शमशेर भालू खान, सीताराम खटीक, बजरंग बजाड, अनवर अली थीम पार्षद, नरेंद्र सिंह पोटी, प्यारे लाल दानोदिया, घनश्याम अलवरिया पार्षद, शाहरुख खान पार्षद, तौफिक खान पार्षद, शहीद खान पार्षद, नोमान अली पार्षद, प्रताप सिंह जोड़ी, तेजकरण दहिया, जमील चौहान, पूर्ण सिंह राजपूत, अंजनी शर्मा पार्षद, यूसुफ खान पार्षद, महबूब थीम, बजरंग शर्मा, मालम सिंह, शेरा लुहार, खालिद कुरेशी पार्षद, हरीश बजाज, नरेंद्र सिंह, नौशाद खान, एन के झारिया सरपंच, आजम अली खान पूर्व सरपंच, आसिफ खान जिला अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, सोयल खान डीके विधान सभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, गफ्फार अली भाटी आदि लोग उपस्थित थे।

## धर्ड होंगे लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट के अध्यक्ष

रतनगढ़(निसं)। लायंस क्लब रतनगढ़ वेस्ट के वर्ष 2024-25 के लिए प्रदीप धर्ड को सर्व सम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। स्थानीय गोपाल वाटिका में समिति की बैठक का आयोजन क्लब अध्यक्ष डॉ विष्णु दत्त पूजारी सालासर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी वर्ष के सर्व सम्मति से अध्यक्ष प्रदीप धर्ड, सचिव संजय कटारिया और कोषाध्यक्ष पद पर मनोज जोशी, महेंद इंदोरिया को संरक्षक पद पर मनोनित किया गया। क्लब सदस्यो द्वारा नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गोविंद सोनी ने वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा, ओम प्रकाश गोदारा, सुभाष भून, गोपाल महर्षि, गोपाल बामनोलिया, दारा सिंह, हर्ष यादव, धर्मचंद सिंडोलिया, महेंद्र इंदोरिया, पवन पचलंगिया, मो अनवर कुरैशी, गिरधारी बाजोरिया, दौलतराम दायमा सहित अनेक क्लब सदस्य उपस्थित थे।

### सार-समाचार

## वकीलों का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी जारी रहा



तारानगर,(निसं)। अभिभाषक संघ व उपखंड अधिकारी के बिच चल रहे विवाद के चलते उपखंड अधिकारी रवि कुमार को हटाने की मांग को लेकर वकीलों का कार्य बहिष्कार व अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान धरने पर बैठे अधिवक्ता प्रभुदयाल सहारण की अचानक तबियत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष महेन्द्र कुमार यादव ने प्रशासन की हठधर्मिता व उपखंड अधिकारी द्वारा धरनास्थल पर बैठे अधिवक्ताओं की तरफ अभद्र ईशारे कर उकसाने का आरोप लगाया। धरने पर बैठै अधिवक्ताओं ने उपखंड अधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए रोष व्यक्त किया। इस अवसर पर एडवोकेट अनिल स्वामी, देवकीनंदन शर्मा, मुकेश शर्मा, रविन्द्रसिंह, पवन योगी, प्रभुदयाल सहारण, देवकरण प्रजापत, ललित देव नैण, नौरंग पूनियां,अमित कुकणा, मनोज सहारण सहित काफी अधिवक्ता मौजुद रहे।

## सीईओ अम्बालाल मीणा ने सौंथली ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण

झुंझुनूं,( निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अम्बालाल मीणा ने सोमवार को पंचायत समिति नवलगढ़ की ग्राम पंचायत सौंथली मे चल रहे कार्य का किया निरीक्षण। नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित जमीन का मौका मुआयना किया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे खेल मैदान, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर आगामी बारिश से पहले पौधारोपण के लिए गड्ढे तैयार करवाने से संबंधित कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। सार्वजनिक पेयजल कुएं का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महावीरप्रसाद, पंचायत समिति नवलगढ़ के सहायक अभियंता नवीन राकेश मांजू, सहायक लेखा अधिकारी पूर्णचंद, कनिष्ठ अभियंता महेंद्र सिंह गुर्जर, पंकज वरिष्ठ सहायक, विनोद बाजिया, सरपंच ग्राम पंचायत सौंथली, ग्राम विकास अधिकारी और कनिष्ठ सहायक मौजूद रहे।

## विद्यालय सदस्यता अभियान की शुरुआत

सूरजगढ़, (निसं)। एबीवीपी विद्यालय सदस्यता अभियान की शुरुआत टैगोर विद्यालय से की गई। जिसमें 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। मुख्य अतिथि झुंझुनूं, सीकर, चुरू विभाग संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शमशेर सिंह चौहान रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एबीवीपी के बारे में बताया गया। नगर सह मंत्री हिमांशु गौतम ने बताया कि विद्यालय सदस्यता अभियान 6 मई से 12 मई तक चलेगा। इस अभियान में सूरजगढ़ से 1000 सदस्यता करने का लक्ष्य रखा गया है। एबीवीपी टीम सूरजगढ़ में मिलकर लक्ष्य को पूरा करेगी। इसमें नगर मंत्री विनीत पंसारी, नगर सहमंत्री अनुज नायक, सुमीत कुमार एबीवीपी टीम सूरजगढ़ के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

सूरजगढ़, (निसं)। ग्राम पंचायत धींगड़िया के ग्राम रघुवीरपुरा गोदा का बास में सार्वजनिक चौक में गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जाने के मामले में ग्रामीणों में काफी आक्रोश हैं। ग्रामीणों ने सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र जांगिड़ के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि मौजिज व्यक्तियों, पंच, सरपंच की समझाइश के बावजूद भी अतिक्रमी रूक नहीं रहे हैं। जल्द से जल्द अतिक्रमीयों को पांबध कर अतिक्रमण हटाये जानें की मांग की गई है

## संभागीय आयुक्त सिंघवी आज लेंगी बैठक

चूरू, (कासं.)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी मंगलवार सवेरे 11.30 बजे जिला परिषद सभागार में अधिकारियों की बैठक लेंगी। एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने बताया कि सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बैठक में आवश्यक सूचनाओं सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## 285 युवाओं ने किया रक्तदान

झुंझुनूं, (निसं)। समाजसेवी अजय धींवा द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 285 यूनिट का संग्रहण किया गया। समाजसेवी अजय धींवा ने बताया कि रक्तदान महादान है। यदि आप एक रक्तदाता हैं, तो आप किसी के जीवन के लिए एक नायक व रक्षक है। अभी जो डेंगू व मौसमी बीमारियां चल रही है। ऐसे में रक्तदान करके आप मरीजों के ईलाज में सहयोग कर सकते है। क्योंकि इससे बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं है। उन्होंने सफल रक्तदान शिविर आयोजन करने के लिए जीवन रक्षा ब्लड सेंटर को भी धन्यवाद दिया।

## झुंझुनूं एस.पी. राजर्षि राज वर्मा के निर्देश पर विशेष अभियान जारी

- सिंघाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की
- मुर्गी फार्म पर जुआ खेलते हुए दस व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 1.40 लाख रूपए किए जब्त

खेतड़ी, ( निसं)। सिंघाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने रविवार देर शाम को संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए जुआ खेलते हुए दस जनों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से 1 लाख 40 हजार रूपए जब्त किए है। थानाधिकारी कैलाश यादव ने बताया कि जिला एसपी राजर्षि राज के निर्देश पर क्षेत्र में वांछित अपराधधियों की धरपक्कड़ को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पिठौला की ढाणी से सातड़िया जाने वाले कच्चे रास्ते पर स्थिति एक मुर्गी फार्म पर कई लोग ताशपति पर रकम दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर एक विशेष टीम का गठन कर दबिश दी गई। इस दौरान पुलिस ने खेतड़ीनगर निवासी निकेश गजराज पुत्र अतर सिंह, सिंघाना निवासी राजेश मीणा पुत्र उमराव मीणा, बाबूलाल नायक पुत्र सागरमल, जितेन्द्र कुमार पुत्र महावीर प्रसाद, सागा निवासी मनोज कुमार यादव पुत्र प्रभू दयाल,सतनाली हरियाणी निवासी शिव कुमार शर्मा पुत्र छैलूराम,विक्रम सिंह पुत्र नानड़सिंह, प्रवीण कुमार सोनी पुत्र रमेश कुमार, खेतड़ी निवासी अशोक कुमार वाल्मीकि पुत्र दलीप सिंह व पिठौला की ढाणी निवासी विक्रम पुत्र मोहर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 40 हजार रूपए जब्त कर लिए। कार्रवाई के दौरान पुलिस की टीम को देखकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए दो जने भागने में सफल हो गए। पुलिस ने जुआ खेलते हुए 10 जनों को गिरफ्तार कर उन गिरफ्तार दसों जनों पर जुआ एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस दौरान टीम में थानाधिकारी कैलाश चंद यादव, एएसआई सुबेसिंह, पवन कुमार, एचसी विकास कुमार, विक्रम, कांस्टेबल निहाल सिंह, दिनेश कुमार, पवन, विक्रम, योगेन्द्र, अमित, धर्मवीर आदि शामिल थे।

## गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए निर्देश दिए

चूरू, (का.सं.)। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने जिले में अपराधों पर नियंत्रण के लिए आज पुलिस के अधिकारियों की एक गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। यहां एसपी जय यादव ने बताया कि पुलिस लाईन चूरू के सभागार में क्राईम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकगण, वृताधिकारीगण व थानाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक के दौरान एसपी जय यादव ने पैंण्डिंग प्रकरणों का समय पर निस्तारण, केस डायरियों का समय पर सीसीटीएनएस पर अपलोड, धारा 52ए के तहत अधिक से अधिक वाहनों का निस्तारण, स्थाई आदेश 04/24 के अनुसार बीट फाईलों का संधारण एवं बीट कानिस्टेबल द्वारा कार्य निस्पादन, सड़क दुर्घटनओं में कमी लाना, ब्लेक स्पोट्स का निरीक्षण, फॉलोवर्स के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही, कैस ऑफिसर स्कीम को ओर अधिक प्रभावी बनाना, पैण्डेन्सी को पुलिस मुख्यालय के निर्धारित मापदण्ड पर लाई जाने हेतु निर्देश दिए।

## परेशान ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर मुख्य मार्ग पर आवागमन को अवरुद्ध कर जमकर प्रर्दशन किया।

पाटन,(निसं)। जिले के निकटवर्ती ग्राम पंचायत माकंडी में युवा नेता हवासिंह माकंडी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर गावं के मुख्य मार्ग पर आवागमन को अवरुद्ध कर जमकर प्रर्दशन किया तथा एडीएम को ज्ञापन सौपा। महिलाओ ने नारेबाजी कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जमकर खरी खोटी सुनाई।

हवासिंह माकंडी ने जानकारी देते हुए बताया की आजादी के 76 साल बाद भी ग्रामीण अंचल की माता बहनों को पानी के लिए दर दर की ठोकरे खानी पड़ रही हैं, यह कैसी विडंबना है कि एक तरफ तो सरकार द्वारा पानी की समस्या के लिए नए-नए संसाधन अपनाये जा रहे हैं, लेकिन वह कागज में ही सिमट कर रह जाते हैं, धरातल तक तो पहुंचते ही नहीं।

जिला मुख्यालय से मात्र 5 से 7 किमी के क्षेत्र में 500 घर की आबादी वाले गांव मे एक भी घर तक नल नही पहुंचा। गांव वाले साल भर से जलजीवन मिशन योजना पर ऊमीद लगाए बैठे थे,लेकिन वो भी भ्रष्टाचार की शिकार हो कर केवल कागजों तक सीमित रह गई। अब महिलाओ को पानी के लिए गावं से दूर दूर तक भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया की पिछले दस सालो से माकंडी पंचायत में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बिना तकनीकी स्वीकृति के कुछ दिनों पहले लाखों रूपये का गबन हो चुका जिसकी अभी कोई सुनाई नहीं हुई है तो अब इन परिस्थितियों का जिम्मेदार कोन होगा, इसका अनुमान तो नहीं लगा सकते। इस दौरान ग्यारसी देवी, मनकोरी,प्रेम देवी, चाना देवी, पारा, पुनम, शर्मिला, बिमला, पूरण सिंह, विक्रम, मुकेश,योगेश, विद्याधर, कृष्ण, बिल्लु सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पत्रकार पीयूष दाधीच का हृदयाघात से निधन

- वे 42 वर्ष के थे। दाधीच के निधन से जिले के पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई है

चूरू, (कासं.)। चूरू के युवा पत्रकार पीयूष दाधीच का सोमवार को हृदयाघात से असामयिक निधन हो गया। वे 42 वर्ष के थे। दाधीच के निधन से जिले के पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रतिभा नगर निवासी हनुमान दाधीच के पुत्र पीयूष दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका सहित विभिन्न समाचार पत्रों में काम कर चुके थे। उनकी दो पुत्रियां हैं। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार सवेरे करीब दस बजे उन्हें असहजता महसूस हुई तो वे अस्पताल पहुंचे, जहां उनका उपचार शुरू किया गया लेकिन उपचार के दौरान हृदय गति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया। उनके निधन का समाचार प्राप्त होने पर पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया सहित बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे और संवेदना व्यक्त की। सोमवार शाम दाधीच का अंतिम संस्कार किया गया। प्रतिभा नगर स्थित उनके निवास से शुरू हुई शवयात्रा में पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया, जमील चौहान, हसन रियाज चिश्ती, फतेहचंद सोती, सुनील भाऊवाला, रवि दाधीच, बृजेंद्र दाधीच, अमजद तुगलक, मनोज वर्मा, सुरेंद्र महर्षि, मनीष क्याल, नवीन शर्मा, मनोज सैनी, सहायक निदेशक जनसंपर्क कुमार अजय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं नागरिक शरीक हुए।

## चाकू से हमला कर बालियां लूटी

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के जैतसर थाना क्षेत्र के गांव तीन जेकेएम में बदमाशों ने एक महिला पर चाकू से हमला कर उसके कानों में पहनी सोने की बालियां लूट ली। महिला जब तक शोर मचाती बदमाश फरार हो गए। बदमाशों ने महिला पर चाकू से इतना तेज वार किया कि वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे श्रीबिजयनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दिन-दहाड़े हुई वारदात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि छोटे से गांव में इस तरह की वारदात होना बेहद चिंता का विषय है।

## भाई की हत्या के आरोपी भाई-भाभी गिरफ्तार

खाजूवाला, (कासं)। खाजूवाला कस्बे के तीन केजेडी गांव में दो दिन पहले जमीन विवाद के चलते एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई और भाभी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर हत्या करने का आरोप है।

वारदात का अंजाम देने एवं साक्ष्य मिटाने के साथ पुलिस को गुमराह करने का प्रयास भी किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि तीन केजेडी निवासी नरेन्द्र सिंह उर्फ राजू (44) पुत्र बलदेव सिंह एवं वीरपाल कौर (32) पत्नी नरेन्द्र सिंह उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मृतक के भाई-भाभी हैं। पुलिस ने मौके से जुटाए साक्ष्य व सबूत के आधार पर आरोपी नरेन्द्र सिंह से सख्ती से पूछताछ की। उसने हत्याकांड का राज उगल दिया है। खाजूवाला के चक तीन केजेडी में 3 मई को हरविन्दर सिंह की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। उसका शव घर की बाखल में पड़ा मिला। पुलिस पहुंची तो आरोपियों ने पुलिस व ग्रामीणों को गुमराह करने के लिए झूठी कहानी बताई। परन्तु पुलिस ने असलियत का पता लगाकर मृतक के भाई नरेन्द्र को हिरासत में ले लिया।

# महेन्द्र सारण का फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले मुख्य सरगना सहित चार गिरफ्तार

- रोहित गोदारा गैंग के सम्पर्क में है महेन्द्र सारण
- महेन्द्र सारण अपने आप को लक्ष्मणगढ का निवासी बताकर फर्जी नाम पता से पासपोर्ट बनाकर औमान भाग गया है

चूरू, (कासं.)। पुलिस थाना सरदारशहर की टीम ने अपराधी महेन्द्र डेलाना का फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले मुख्य सरगना सहित 4 जनों को गिरफ्तार किया है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि 01 मई 2024 को थानाधिकारी सरदारशहर को सूचना प्राप्त हुई कि महेन्द्र सारण पुत्र चानणमल जाति जाट उम्र 26 साल निवासी सवाई छोटी (सवाई बास डेलाना) पुलिस थाना सरदारशहर जिला चूरू जिसके विरूद्ध लूट, मारपीट, अपहरण जैसे संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज है। उसके खिलाफ न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश एसटी एसटी एक्ट (अत्याचार निवारण) प्रकरण चूरू द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है, जो फरार चल रहा है तथा रोहित गोदारा गैंग के सम्पर्क में है। महेन्द्र सारण विदेशी नम्बरों से कॉल करके लोगों को धमकी देकर लगातार फिरौती की मांग कर रहा है। महेन्द्र सारण अपने आप को लक्ष्मणगढ का निवासी बताकर फर्जी नाम पता से पासपोर्ट बनाकर विदेश भाग गया है, जिस पर पुलिस थाना सरदारशहर में प्रकरण दर्ज करके अनुसंधान मंगुराम उनि के द्वारा शुरू किया गया। एसपी जय यादव ने बताया कि अपराधों की रोकथाम हेतु पुलिस महानिरीक्षक सीकर रेंज सीकर के निर्देशानुसार चलाये जा रहे विशेष ऑपरेशन शिकंजा के तहत अति. पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र दादरवाल एवं वृताधिकारी सरदारशहर अनिल कुमार महेश्वरी के सुपरविजन में थानाधिकारी सरदारशहर अरविंद कुमार पुनि मय मंगुराम उनि के नेतृत्व में टीमों का गठन कर फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले मुलजिमान की पहचान करने व धरपकड हेतु जगह-जगह दबीश देकर तलाश शुरू की गई। टीम द्वारा फर्जी पासपोर्ट बनाने में तथा फर्जी कागजात तैयार करने का मुख्य सरगना ओमप्रकाश पारीक पुत्र मालाराम जाति ब्राहम्ण उम्र 60 साल निवासी रोलसाबसर पुलिस थाना सदर फतेहपुर जिला सीकर एवं सहयोगी कम्प्युटर ऑपरेटर विजय अठवाल पुत्र जगदीश अठवाल उम्र 23 साल निवासी वार्ड नम्बर 48 टीबरो को मोहल्ला, फतेहपुर सहित पासपोर्ट वैरिफिकेसन के लिये फर्जी गवाह बनने वाले आरोपी महबूब कुरैशी पुत्र इब्राहिम उम्र 53 साल निवासी जामा मस्जिद के पास, वार्ड नम्बर 09 लक्ष्मणगढ पुलिस थाना लक्ष्मणगढ जिला सीकर व सिकन्दर पुत्र याकुब काजी उम्र 55 साल निवासी कब्रिस्तान के पास, वार्ड नम्बर 04 लक्ष्मणगढ जिला सीकर को सीकर से गिरफ्तार कर लिया गया है, जिनसे गहनता से पूछताछ की जा रही है।



महेन्द्र डेलाना का फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले मुख्य सरगना सहित 4 जनों को गिरफ्तार।

**वारदात करने का तरीका :-** मुख्य सरगना ओमप्रकाश पारीक जिसने कस्बा फतेहपुर में पासपोर्ट बनाने की दुकान कर रखी है जिसमें कार्य करने के लिये कम्प्युटर ऑपरेटर विजय अठवाल नियुक्त कर रखा है। वह कम्प्युटर व रंगीन प्रिंटर की सहायता से मूल दस्तावेजों के साथ छेडछाड कर फर्जी दस्तावेज आधार, जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास आदि तैयार करके बदले में अधिक राशि वसूल करता था। आरोपी महबूब व सिकन्दर पासपोर्ट इंक्वारी में फर्जी गवाह बनने का काम करते है, जिन्होंने मुल्जिम महेन्द्र जाट का रमेश जाट के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनाया, जिसके जरिये वह विदेश औमान भाग गये महेन्द्र सारण का फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले मुख्य सरगना सहित चार गिरफ्तार

# हरियाणा का प्रचार बीच में छोड़ झुंझुनूं पहुंची प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत

झुंझुनूं, ( निसं)। सिंघाना थाना इलाके के थली के पास सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे की खबर के बाद भाजपा की प्रदेश महामंत्री और पूर्व सांसद संतोष अहलावत हरियाणा में चुनाव प्रचार छोड़कर सीधा झुंझुनूं पहुंची। दरअसल पार्टी ने उन्हें सोनीपत लोकसभा सीट में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के लिए संतोष अहलावत को चुनावों तक वहीं रहने के निर्देश दे रखे है। बावजूद इसके इलाके में इतने बड़े हादसे की खबर के बाद अहलावत से रूका नहीं गया और वे भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां व भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ झुंझुनूं बीडीके अस्पताल पहुंची और यहां पर भर्ती हर एक मरीज से मुलाकात कर चिकित्सकों ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट जानी और मरीजों से कुशलक्षेम पूछी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने कहा कि सभी घायलों और उनके परिवार के सदस्यों को आश्वस्त किया है कि उनके ईलाज में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

वहीं जरूरत पड़ने पर भाजपा का कार्यकर्ता हरसंभव मदद के लिए तैयार रहेगा। इस मौके पर अहलावत ने गत दिनों कुहाड़वास में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में घायल पति, पत्नी और पुत्र से भी बीडीके अस्पताल में मुलाकात की। अहलावत ने इन तीनों घायलों को सरकार से हरसंभव मदद दिलवाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद अहलावत ने सभी चिकित्सकों से निवेदन किया कि वे दोनों ही हादसों के घायलों के ईलाज में कोई कोताही ना बरतें। खून आदि की जरूरत पड़ने पर सूचना दें। भाजपा कार्यकर्ता तैयार है। इस मौके पर अहलावत के साथ भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, झुंझुनूं शहर अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, विकास भालोठिया, अरूणा सिहाग, महेश जीनगर, जगदीश गोस्वामी, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी व सत्यनारायण हलकारा आदि मौजूद थे। आपको बता दें कि मंगलवार 7 मई को हरियाणा के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के बरोदा विधानसभा क्षेत्र में हरियाणा के सीएम साहिब सिंह सैनी की सभा भी है। जिसकी तैयारियों को लेकर प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत के पास विशेष तौर पर जिम्मेदारी भी है।

सभा की तैयारियों में जुटी प्रदेश महामंत्री अहलावत हादसे की सूचना के बाद बिना कोई देर किए सीधे झुंझुनूं पहुंची और घायलों से मिली। अहलावत ने बताया कि वे सरकार को भी पत्र लिख रही है। जिसमें ना केवल कुहाड़वास, बल्कि थली हादसे में घायलों और मृतक परिवारों को सहायता की मांग की जाएगी। वहीं ऐसे हादसे ना हो। इसे रोकने के लिए पुलिस व परिवहन विभाग को भी पत्र लिखेगी। भाजपा नेताओं ने हादसे में मृत लोगों को भी श्रद्धांजलि दी है।




बीडीके अस्पताल में घायलों की कुशलक्षेम पूछी, बोले-हर मदद को भाजपा कार्यकर्ता तैयार।

# जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

**पाटन,**(निसं)। जिला कलेक्टर नीमकाथाना शरद मेहरा सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली तथा रोज हो रहे सडक हादसों पर चिंता जताते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सभी दुर्घटना संभावित स्थानों एवं विकट मोड़ों पर सावधानी सूचना संबंधी बोर्ड लगाए जिससे आते जाते लोग सडक दुर्घटनाओं का शिकार न हो, साथ ही स्पीड ब्रेकर पर सफेद पेन्ट की पट्टी दुर्घटना वाले मोड़ों पर पुतवाने के निर्देश दिए । मेहरा ने विभाग के अधिकारियों को विकट मोड वाली जगह पर सडक को चौडा करने एव फोर लेन कर ने का भी सुझाव दिया । सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी आरएसआरडीसी व कार्यकारी ऐजेंसी से समन्वय कर निर्माणधीन कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करवाने को कहा।चिकित्सा विभाग को गर्मी के मौसम में होने वाली बिमारियों को ध्यान में रखते हुए सभी



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक।

उपचार व सावधानी संबंधी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों में पानी की टंकी में लिकेज व काई आदि की सफाई, रोशनी की व्यवस्था ठीक करवाने, नल आदि की रिपेरिंग, टंकी को पेंट आदि कार्य ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व ही करवाने तथा अवकाश के दौरान स्कूलों में लगे हुए बूओं को इन सब कार्यो को देखने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी सभी सीबीईओ से जानकारी प्राप्त करके

■ **विकट मोड़ पर सावधानी सूचना संबंधी बोर्ड लगेंगे**

स्कूलों में बच्चों को वितरित की गई दवाओ की रिपोर्ट मंगवाना सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग जिले में पवन उर्जा के संचालन हेतु विभाग के उच्च अधिकारियों से परामर्श कर सरकार को प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां पर वन क्षेत्र में आग लगी है। आग से जो नुकसान हुआ है, उसकी रिपोर्ट तैयार करे। श्री मेहरा ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्पर्क पोर्टल पर आईडी मैप करवाकर प्राप्त प्रकरणों / शिकायतों का रिव्यू कर जल्द से जल्द उनको निस्तारित करें। राजकाज पर ई-फाइलिंग के माध्यम से फाईल को डिस्पोज करें।बैठक में जिला परिषद् एसीईओ मुरारी लाल शर्मा, सीएमएचओ विनय गहलोत, पीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जयंती पर गायों को गुड और लापसी खिलाई

**रतनगढ़**(निसं)।स्थानीय पिंजरापोल गौशाला में शिक्षाविद स्व चिरंजीलाल लाटा कि जन्म जयंती के अवसर पर गायों को गुड और लापसी खिलाई गई। स्व लाटा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पण के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा, किशन लाल शर्मा, वैध लीलाधर लाटा, पुजारी मनोज इंदौरिया, रमेश लाटा मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों ने शिक्षाविद स्व लाटा के जीवन परिचय पर विस्तार से जानकारी देते हुवे बताया कि लाटा परिवार ने सरदारशहर में शिक्षा की अलख जगाते हुवे ना केवल शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किये बल्कि गरीब परिवार के बच्चो की भी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान की। इस अवसर पर पुत्र रमेश लाटा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोशाला में गायों को लापसी व गुड़ खिलाई गई। इस अवसर पर विनोद चौमाल, रामावतार शर्मा, रामदेव चंदनिया, बाबूलाल महर्षि, रोहित लाटा, श्याम सुंदर लाटा, धनराज इंदौरिया, शंभु लाटा, श्याम सुंदर सिंवाल, प्रियांश लाटा,लोकेश चौमाल, सुभाष प्रजापत, ओम प्रकाश लाटा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### गालिया देने का आरोप,मामला दर्ज

**सादुलपुर,** (निसं)। गालड गांव निवासी एक युवक ने अपने व अपनी माँ के साथ गांव के पिता-पुत्र के खिलाफ जातिसूचक गालिया देकर मारपीट करने के आरोप का मामला सिद्धमुख थाने में दर्ज करवाया है। सिद्धमुख थाने में सुभाष पुत्र बनवारीलाल मेघवाल उम्र 35 निवासी गालड ने हाजिर थाना होकर इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 05 मई 2024 को करीब शाम 05-5.15 बजे वह मैन चौक से अपने घर आ रहा था। तभी रमन पुत्र कृष्ण कुमार व रमन का पिता कृष्ण ने उसको रास्ते में रोक कर कल से उसका पिछा करते आ रहे है और आज शाम को जब वह राजपूतो वाली गली में अपने घर की ओर आ रहा था तब रमन व रमन का पिता कृष्ण ने उसका कल्याण सिंह के घर के आगे रोक कर उसके साथ मारपीट करने लगे। कहा कि, घर से उठा कर मार दूंगा इस बीच में उसको मौके पर रेजड निवासी कृष्ण कुमार जाट ने व गांव के कई लोगों ने इन दोनों से उसको छुडवाया। आरोप है कि उक्त आरोपी गत तीन सालों से उसका पीछा कर रहे है तथा उक्त दोनों पिता पुत्र ने पहले भी उसके साथ मारपीट की थी, जिस पर इनके परिवार के लोगों बीच बचाव कर फैसला करवाया। सिद्धमुख थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करदी है।

### मासिक वेलफेयर मीटिंग आयोजित

**सादुलपुर,** (निसं)। भूतपूर्व अर्ध सैनिक बलों की मासिक वेल्फेयर मीटिंग सोमवार को शहीद स्मारक राजगढ में जवाहर सिंह पूनिया बैरासर बडा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें इंस्पेक्टर रामनारायण पूनिया ने पिछले दिनों शेरगढ तहसील के विधायक द्वारा बीएसएफ के जवान के साथ किये गए अभद्रता व धक्का-मुक्की का विरोध किया। इंद्र सिंह बलौदा ने केंद्र व राज्य सरकार पर पैरामिलिट्री के जवानों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। वहीं सचिन भारत लाल शर्मा ने हर जिले में पैरामिलिट्री के बोर्ड का गठन करने, सन् 2004 के बाद पेंशन नहीं मिलने, सरकार द्वारा 10 साल बाद पेंशन भेजकर बाद में मुकरना व पेंशन बंद करने तथा शहीद का दर्जा आदि मुद्दे उठाने हुए अपनी मांगे रखी। मीटिंग में मानसिंह पूनियां, महावीर प्रसाद, सरपंच सुमेर सिंह, ताराचंद प्रजापत, रघुवीर सिंह, बलवान सिंह कामण, सुरेंद्र कालरी, सत्यवीर सिंह विजय गुलपुरा व राजवीर सिंह हमीरवास आदी पैरामिलिट्री फोर्स के सेवानिवृत्त अधिकारी व जवान उपस्थित थे।
फोटो-06-07 शहीद स्मारक राजगढ में आयोजित भूतपूर्व अर्ध सैनिक बलों की मासिक वेलफेयर मीटिंग में भाग लेते पैरामिलिट्री फोर्स के सेवानिवृत्त अधिकारी व जवान

### परिंदों के लिए परिंडे

**रतनगढ़**(निसं)।स्थानीय राजकीय जालन महाविद्यालय में बढ़ती गर्मी के कारण बेजुबा परिंदों के लिए सोमवार को परिंडे बांधे गए। कार्यक्रम संयोजक डॉ एस के त्यागी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। केंद्राधीक्षक प्रो कल्याण सिंह चारण की अगवाई में परिंडे बांधकर सार संभाल की जिम्मेदारी सोपी गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेखा शर्मा ने पर्यावरण संतुलन के लिए पक्षियों के महत्व को रेखांकित किया। प्रो चारण ने सबको पक्षियों के लिए दाना व जल की व्यवस्था करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर डॉ के सी जोशी, प्रो सुनील पूनिया ,डॉ धनराज पांडिया, प्रो मनीषा, प्रो शैलेश कुमार, भैरू सिंह, सुमित, महेश, धनजी सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।

### पंकज ढाका का रेलवे में चयन

**झुंझुनूं,**(निसं)। लंबे संघर्ष और मेहनत के बाद मंडावा तहसील के पंजी का बास निवासी पंकज ढाका का भारतीय रेलवे में ग्रुप सी के पद पर चयन हुआ है। पंकज ढाका पिछले पांच सालों में लगातार 50 से अधिक भर्ती परीक्षाओं में शामिल हो चुका हैं। जिनमें सभी में असफलता हाथ लगी। इसके बाद भी उन्होंने अपने आप को टूटने नहीं दिया और लगातार प्रयास करते रहे। जिसके बाद रेलवे की ओर से जारी फाइनल सूची में पंकज ढाका का चयन हो गया है। पंकज ढाका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता सुभाषचंद्र ढाका, माता सुमन देवी, राजस्थान पुलिस में सब इंस्पेक्टर मामा दिनेश गजराज, गुरुजनों एवं मित्रगणों को दिया हैं। इधर, परिजनों और मित्रों ने इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बधाइयां प्रेषित की।

### 30 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**झुंझुनूं,**(निसं)। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य सरकार के अधीन और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा प्रायोजित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान झुंझुनूं में सोमवार को 30 दिवसीय फ्रीज और एयर कंडीशनर रिपेयर प्रशिक्षण का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान निदेशक मनोज कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख बीएल मीणा थे। मीणा ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया और बताया कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और उन्हें जल्द से जल्द अपना स्वरोजगार शुरू कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। निदेशक मनोज कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया और प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन संस्थान फैकल्टी डॉ. विजयपाल तिलोटिया ने किया। इस अवसर पर आरसेटी स्टाफ अरुण कुमार, कृष्ण कुमार उपस्थित थे।

### विद्यालय में आज से प्रवेश प्रारंभ

**कोलसिया,**(निसं)। गांव परसरामपुरा स्थित राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में सात मई मंगलवार से सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य महेश कपूरिया ने बताया कि कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के लिए प्रवेश शुरू हुए है। नर्सरी में 25 सीटें उपलब्ध है। अन्य कक्षाओं में रिक्त सीटों की सूची विद्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। आवेदन 7 मई से 12 मई तक किया जा सकेगा। आवेदन सूची का प्रकाशन 13 मई को किया जाएगा। रिक्त पदों से ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर चयन लॉटरी के माध्यम से होगा। लॉटरी 15 मई को निकाली जाएगी। वहीं 16 मई को प्रवेश कार्य संपन्न किए जाएंगे।

## बी.ओ.डी. बैठक आयोजित

**सीकर,** (निसं.)। लियो क्लब सीकर द्वारा बीओडी बैठक बीएसएनल ऑफिस के सामने स्थित होटल राजमहल में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता क्लब डायरेक्टर लियो लॉयन सज्जन अग्रवाल व लियो अभिषेक तिवाड़ी द्वारा की गई। जिसमें आगामी वर्ष के लिए अध्यक्ष लियो एडवोकेट सुमित गौड़, सचिव लियो दीपांशु मित्तल, कोषाध्यक्ष लियो नीरज अग्रवाल को चुना गया। मौजूदा बीओडी सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं दी। साथ ही लियो क्लब सीकर सदस्य लियो रोहन अग्रवाल द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष पद के नामांकन करने के लिए क्लब सदस्य द्वारा बधाई दी गई। साधारण सभा में आगामी माह में होने वाली गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। आने वाली भीषण गर्मी को देखते हुए क्लब द्वारा घर-घर परिंडा लगाने की मुहिम की शुरुआत करने का सभी सदस्यों से आग्रह किया।

# जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की गाड़ी का एक्सीडेंट

**झुंझुनूं,**( निसं)। सिंघाना थाना इलाके के हुक्मा की ढाणी के पास सोमवार दोपहर को बस व स्कार्पिओ गाड़ी के हादसे का निरीक्षण कर लौट रही झुंझुनूं जिला कलेक्टर की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। कलेक्टर की गाड़ी आगे चल रही गाड़ी से टकरा गई। इस दौरान हादसे में झुंझुनूं कलेक्टर चिन्मयी गोपाल बाल बाल बच गई। हादसे के बाद कलेक्टर जिला परिषद सीईओ अम्बालाल मीणा की गाड़ी में सवार होकर झुंझुनूं के लिए रवाना हो गई। जानकारी के अनुसार झुंझुनूं कलेक्टर चिन्मयी गोपाल सिंघाना थाना क्षेत्र के थली के पास हुए हादसे के बाद घायलों की कुशलक्षेम पूछने और हादसे की जानकारी लेने के लिए सिंघाना आई थी। अस्पताल में भर्ती घायलों की जानकारी जुटाई तथा हादसे स्थल का मौका मुआयना किया। इसके बाद कलेक्टर दोपहर को करीब तीन बजे सिंघाना



झुंझुनूं जिला कलेक्टर की गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ ।

अस्पताल से झुंझुनूं के लिए रवाना हुई। इसके करीब दस मिनट बाद वह सिंघाना से दो किलोमीटर दूर पंहुचने पर हुक्मा की ढाणी के पास उनकी गाड़ी के आगे एक क्रूजर गाड़ी चल रही थी। जिसके ड्राइवर द्वारा गाड़ी को अचानक मोड़ देने से कलेक्टर की गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी को सड़क से नीचे उतार दिया तथा स्पीड में गाड़ी होने के कारण बड़ी मुश्किल से गाड़ी को कंट्रोल में किया। इस दौरान

■ **हादसे का निरीक्षण कर झुंझुनूं लौट रही जिला कलेक्टर बाल बाल बची**

कलेक्टर की गाड़ी पास में बने होटल के लोहे के बोर्ड को तोड़ती हुई सड़क के पार चली गई। गनिमत रही की गाड़ी के सड़क पार करने के दौरान कोई वाहन नहीं आया। इस दौरान हादसे में कलेक्टर की गाड़ी का ड्राइवर घायल हो गया। जिसे सिंघाना के राजकीय अस्पताल में ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया गया। इस दौरान हादसे में कलेक्टर की गाड़ी क्षितग्रस्त हो गई। आगे चलने वाली गाड़ी में जयपुर से कुछ लोग हुक्मा की ढाणी में महिला की मौत होने पर शोक सभा में शामिल होने के लिए आए थे।

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बीदासर**। राजस्थान कानूनगो संघ तथा पटवार संघ उपशाखा के तत्वधान में कलेक्टर के नाम तारानगर तहसीलदार द्वारा पटवारी व गिरदावारो के खिलाफ चुनाव कार्य को लेकर झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को लेकर तहसीलदार सुरेंद्र भास्कर को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में उल्लेख किया है कि तारानगर तहसील के पटवारी व गिरदावरो के विरूद्ध तहसीलदार की ओर से चुनाव कार्य के बहिष्कार की झुठी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा एसडीएम तारानगर की अनदेखी तथा उपखंड कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर की अभद्र टिप्पणी से उपशाखा तारानगर के कर्मचारी आहत हैं। उपशाखा के गिरदावर व पटवारी एसडीएम के रवैये में सुधार, तहसीलदार व प्रोग्रामर के स्थानान्तरण की मांग कर रहे हैं। जिले के गिरदावर व पटवारी हमेशा प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में विश्वास करते हैं । निर्वाचन कार्य को छोड़कर सभी कार्य का बहिष्कार कर सामूहिक अवकाश पर रहे।

# राजगढ़ ने निर्वाचन के अतिरिक्त विभागीय कार्यों का किया बहिष्कार

**सादुलपुर,** (निसं)। तारानगर के भू.अ. निरीक्षक व पटवारियों की मांगे माने नहीं जाने के विरोध में चूरू जिले के भू.अ. निरीक्षक व पटवारियों सहित उपशाखा राजगढ के भू.अ. निरीक्षक व पटवारी निर्वाचन के अतिरिक्त विभागीय कार्यों के बहिष्कार के साथ-साथ सोमवार से सामुहिक अवकाश पर हैं। वहीं राजस्थान कानूनगो संघ-राजस्थान पटवार संघ उपशाखा राजगढ ने जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार राजगढ को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि राजस्थान कानूनगो संघ-राजस्थान-पटवार संघ उपशाखा तारानगर के भू.अ. निरीक्षक व पटवारी 29 अप्रेल 2024 से सामुहिक अवकाश पर हैं।

इस संबंध में 24 अप्रेल 2024 को ज्ञापन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया था कि उपखंड अधिकारी तारानगर को अपने तानाशाही रवैये में सुधार हेतु पाबंद किया जावे, पटवारी

■ **तारानगर के भू.अ. निरीक्षक व पटवारियों की मांगे नहीं माने जाने का विरोध**

गिरदावर के प्रति नकारात्मक रवैया रखने और चुनाव कार्य का बहिष्कार करने बाबत झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के कारण तहसीलदार तारानगर को अन्यत्र लगाया जावे और उपखंड कार्यालय के सहायक प्रोग्रामर महेन्द्र कुमार प्रजापत को पटवारी गिरदावरों के प्रति सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने और उसकी गलत कारगुजारियों के चलते तारानगर ब्लॉक से अन्यत्र लगाया जाने आदि मांगो को लेकर जिला शाखा और समस्त उपशाखाओं द्वारा भी उक्त मांगे स्वीकार करने बाबत निवेदन करते हुए मांगे नहीं माने जाने पर चूरू जिले के भू.अ. निरीक्षक और पटवारियान द्वारा चुनाव कार्य के अतिरिक्त समस्त कार्यों को बहिष्कार करने बाबत ज्ञापन प्रस्तुत किये गये थे, लेकिन प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले चूरू जिले के भू.अ. निरीक्षक और पटवारियान की उपरोक्त वाजिब मांगें नहीं मानी गई हैं और तहसीलदार तारानगर द्वारा पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर पटवारियान को नोटिस पर नोटिस दिये जा रही है तथा भय का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है। इसलिए 06 मई 2024 से चूरू जिले के भू.अ. निरीक्षक व पटवारी मांगे माने नहीं जाने के कारण निर्वाचन के अतिरिक्त विभागीय कार्यों को बहिष्कार करते हुए सामुहिक अवकाश पर जा रहे है। जिसकी एकमात्र जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी।

## पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**बिसाऊ,**(निसं)। बिसाऊ मैं आज पक्षियों के लिए बाजार के दुकानदारों द्वारा जगह-जगह पेड़ों पर परिंडे लगाए गए तथा एक प्याऊ भी लगाई गई जिसका उद्घाटन दुकानदारों द्वारा किया गया इस तपती धूप के मध्य नजर देखते हुए सभी दुकानदारों ने सहयोग करके पक्षियों के लिए जगह-जगह परिंडे लगाए राजवीर ने बताया कि आने वाले दो-तीन महीना में भीषण गर्मी को देते हुए हमने यह आयोजन किया जिसमें सभी दुकानदारों ने अपना सहयोग दिया बाजार में ठंडा पानी पीने के लिए राहगीर के लिए एक ठंडे पानी की प्याऊ का आयोजन भी किया गया जिसकी देखरेख एक प्याऊ,एक खेल 10 परिंडे राजवीर मीणा,दीनदयाल सैनी, पवन सैनी ,महेश सैनी हरलाल जी माहीच,गोकुल चौहान,शिव कुमार प्रजापत, कमल सिरस्वा,मनोज शर्मा, केशर जी,पवन स्वामी ,राजू जी,राम जी सैनी कमल ढढारिया, गोपाल जी,इंद्राज जी,सुरेंद्र , नथु सिंह पंवार।

# जनआधार योजना की समीक्षा की

**पाटन,**(निसं)। आयोजना विभाग के शासन सचिव, नवीन जैन ने बुधवार को निदेशालय, आर्थिक एवं सांख्यिकी जयपुर में जनआधार योजना की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान श्री जैन ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को जनआधार के संबंध में आ रही समस्याओं का निस्तारण प्रभावी रूप से किया जावें और सभी जिला/ब्लॉक स्तरों पर शीघ्र हैल्प डेस्क स्थापित करवाये जायें।
नोडल अधिकारी, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, नीमकाथाना महेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में जिला स्तर पर हैल्प डेस्क संचालित की जा रही हैं, जिले के निवासी कार्यालय समय में सुबह 9.30 से सांय 6.00 बजे तक अथवा जिला स्तर पर दुरभाष नम्बर 01574-230524 एवं 7425838379, 7023297455 तथा ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक श्रीमाधोपुर 01575-250361,

■ **समस्याओं का निस्तारण जिला/ब्लॉक स्तरों पर शीघ्र हैल्प डेस्क स्थापित करवाये**

9887309528, 9549991030 उदयपुरवाटी 01594-234922, 9413111630, 9166775609 एवं खेतडी- 01593-234122, 8741045769, 9829868687 पर संपर्क कर अपनी समस्याओं के समाधान प्राप्त कर सकते हैं। घर के समीप ही सुविधा उपलब्ध कराने हेतु इस हैल्पडेस्क को नेटवर्क के रूप में सम्पूर्ण जिले में फैलाते हुये प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर भी हैल्प डेस्क की स्थापना कर दी गई है। इन हैल्पडैस्कों पर तैनात कार्मिकों के मोबाइल नम्बर जनआधार की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## अकेली देख नाबालिग से रेप की कोशिश

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कोतवाली थाना इलाके में घर में घुसकर नाबालिग से रेप की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नाबालिग की मां ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। जिसमे बताया कि आरोपी नाबालिग लड़की का पीछा करता है। उससे छेड़छाड़ करता है।

उस पर दोस्ती करने के लिए दबाव डालता था। एक बार आरोपी पीड़िता को घर में अकेली देखकर घर में भी घुस आया। उसने पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास भी किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता की मां की ओर से दर्ज मामले में कहा गया कि आरोपी नाबालिग बेटी को लगातार परेशान करता रहता। जब वो स्कूल जाती या किसी अन्य काम से घर से बाहर निकलती तो आरोपी उसका पीछा करता है और उससे छेड़छाड़ करता है।

जांच अधिकारी कोतवाली एसएचओ पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि मामला देर रात करीब 12 बजे दर्ज हुआ है। इस संबंध में अब तक पीड़ित पक्ष के बयान नहीं हुए हैं।बयान होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**पिस्तौल की नोंक पर लूट :** हनुमानगढ़ के टाउन थाना क्षेत्र में कनपटी पर पिस्तौल रखकर नगदी लूट ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसआई दरिया सिंह ने बताया कि सुबेग सिंह उर्फ काली (38) पुत्र सरदार भजनसिंह लबाना निवासी वार्ड नम्बर 27 अम्बेडकर कॉलोनी हनुमानगढ टाउन ने थाने में आकर रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि वह टाउन के वाल्मीकि चौक पर डीजे और किराना की दुकान करता है। 3 मई की देर शाम को लगभग 8:30 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान बिट्टू उर्फ जसपाल पुत्र पप्पू निवासी लोहिया कॉलोनी, शाहरूख खान निवासी गली नम्बर 6 नई आबादी और दो अन्य दुकान पर आए। पीडित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने दुकान में घुसकर उसके साथ मारपीट और गाली गलौच की। आरोपियों ने उसकी कनपटी पर पिस्तौल लगाकर दुकान के गल्ले में रखे साढ़े 8 हजार रूपए निकाल लिए।

# यू.पी. से लापता युवती कि मानसिक हालात खराब होने पर पहुंची सादुलपुर

**सादुलपुर,** (निसें)। कस्बा सादुलपुर में दो दिन दिनों से लावारीस हालात में घूम रही मानसिक रूप से बीमार युवती को सादुलपुर थाना पुलिस ने उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया है। इसी दौरान युवती की माँ ने बताया कि उसकी मानसिक हालात खराब चल रही है तथा उसका उपचार चल रहा है, इसी बीच अचानक वह घर से निकल गई। हांलाकि युवती को उनके परिजनों

■ **मानसिक रूप से बीमार युवती को सादुलपुर थाना पुलिस ने उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया है**

को सौंपते समय मानसिक हालात खराब होने के चलते उसने पुलिस थाने में खूब हंगामा किया, जिसमें कभी वह अपनी माँ को, कभी अपने को पिता को, तो कभी अपनी पति की ओर मारपीट जैसी घटना करने के लिए हंगामा कर थी। लेकिन मौके पर उपस्थित आईपीएस प्रशांत किरण ने



यूपी से लापता मानसिक हालात खराब युवती को उनके परिजनों को सुपूर्द करती सादुलपुर पुलिस ।

सादुलपुर थाना पुलिस की महिला कास्टेबल के सहयोग से युवती को समझाईस कर उनके परिजनों के साथ रवाना किया। युवती के परिजनों ने बताया कि पूर्व में भी युवती दो बार घर से निकल गई थी। उन्होंने लाचारी व्यक्त करते हुए बताया कि उसकी मानसिक हालात खराब होने के कारण इस प्रकार की स्थिति से वे बेहद परेशान हैं। प्रकरण अनुसार दो-तीन रोज पूर्व कस्बा सादुलपुर में पुष्पा गुप्ता नामक युवती जो कि प्राईवेट स्कूल में जॉब करती है, जिसकी मानसिक हालात बिगडने पर 35 वर्षीय पुष्पा गुप्ता नामक युवती घर से निकलकर सादुलपुर में लावारिस हालात में आ गई थी। जिस पर लोगों की सूचना पर सादुलपुर थाना पुलिस उसे थाने लेकर आई तथा पुछताछ कर उनके परिजनों को सूचना दी। परिजनों को पुलिस की ओर से मिली सूचना पर लावारीस हालात में मिली युवती पुष्पा गुप्ता के पति दिग्विजय नाथ गुप्ता, माँ कान्ता देवी व पिता प्रेमशंकर निवासी सोंधी जिला महाराजगंज उतरप्रदेश आदि सादुलपुर थाने पहुंचे। तथा पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया। जिसके बाद पुलिस ने लापता होकर सादुलपुर पहुंची युवती पुष्पा गुप्ता को उनके परिजनों को सौंप दिया।

## योग से होता है सर्वांगीण विकास- योगाचार्य नरेन्द्र भारतीय



योगाभ्यास करवाते राजकीय होम्योपैथिक औषधालय सांखु फोर्ट के योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र कुमार एए।

**सादुलपुर,** (निसं)। आयुष विभाग के आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय होम्योपैथिक औषधालय सांखु फोर्ट के योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र कुमार ने खारियाबास सांखु के मध्य स्थित अमर बलिदानी भगतसिंह नवयुवक मण्डल कार्यालय में उपस्थित युवाओं को योग के गुर सिखाते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य अभ्याशक्रम (प्रोटोकॉल प्रशिक्षण) के स्थिलीकरण, सूक्ष्म व्यायाम, आसन-प्राणायाम तथा यौगिक जॉगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

इसी दौरान उपस्थित युवाओं यथा संदीप जाखड, योगेश गोस्वामी, शिवलाल मीणा, संजय मोहता, सुमित काजला, इंदु, आशीष, अमन स्वामी, संजय जांगिड, पंकज धानिया, मनीष दुगल, हितेश, पवन गोस्वामी, मनोज भाटी, पवन मोहता, ओमप्रकाश, जयप्रकाश, योगेश आदि ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। योगाचार्य भारतीय ने ग्रामवासियों से राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय साँखूफार्ट के केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन बेनीवाल के मार्गदर्शन में कम्पाउडर चंद्रकला देवी एवं योग प्रशिक्षक योगाचार्य नरेन्द्र कुमार के सानिध्य में संचालित आयुष सेवाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आव्हान किया।

